# श्रीसोमनाथसंस्कृतयुनिवर्सिटी, वेरावलम्

## पी-एच.डी. प्रवेशपरीक्षा-२०२३

दिनाङ्क :१५/०१/२०२३

समय:- ११.०० त: १.००　　　　विभागौ-१,२　　　　पूर्णाङ्क: १००

| | |
|---|---|
| **विभाग: १**<br>**गुणाङ्का: ५०**<br>**प्राप्ताङ्का: ....................................**<br>**परीक्षकस्य हस्ताक्षरम् ...........................** | **परीक्षार्थिक्रमाङ्क:** <br>**शब्देषु- .................................................** |
| **विभाग:२**<br>**गुणाङ्का: ५०**<br>**प्राप्ताङ्का: ....................................**<br>**परीक्षकस्य हस्ताक्षरम् ...........................** | **परीक्षार्थिन: हस्ताक्षरम् ................................**<br>**वर्गखण्डनिरीक्षकस्य**<br>**हस्ताक्षरम्.................................................** |

**सूचना:**

(१) प्रश्नपत्रे द्वौ विभागौ स्त: । प्रतिविभागं ५० प्रश्ना: सन्ति । सर्वे प्रश्ना: समाधेया: ।

(२) प्रथमद्वितीयविभागयो: प्रश्ना: विकल्पात्मका: सन्ति । प्रतिप्रश्नम् उत्तरस्य चत्वारो विकल्पा: सन्ति । विकल्पेभ्य: A-B-C-D भ्य: योग्यविकल्पं चित्वा उत्तरकोष्ठके केवलं विकल्पक्रमाक्षरं (यथा-A) लिखन्तु । प्रत्येकं प्रश्नस्य एक: गुणाङ्क: अस्ति । ऋणाङ्क: (Negative Marking) नास्ति ।

(३) प्रश्नानामुत्तराणि लेखन्या लेखनीयानि । अङ्कन्या (Pencil) न लेख्यम् ।

(४) प्रथमद्वितीयविभागयो: समय: होराद्वयम् अस्ति ।

(५) उत्तरकोष्ठके छेद: (X) अथवा मार्जक (Eraser) प्रयोग: निषिद्ध: ।

## श्रीसोमनाथसंस्कृतविश्वविद्यालय:, वेरावलम्

## पी-एच.डी. प्रवेशपरीक्षा-२०२३

## (PET-2023)

A

### प्रश्नपत्रे विभागद्वयम् अस्ति

### प्रथमो विभाग:

प्रश्न संख्या प्रश्न उत्तर संकेत

निर्देश (प्रश्न संख्या 1 से 5 तक): नीचे दी गई तालिका में जानकारी का अध्ययन करें तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

नीचे दी गई तालिका में वर्ष 2014 से 2019 तक के दौरान चार विभिन्न जोनों (K, L, M और N) से किसी प्रतियोगी परीक्षा में शामिल हुए (A) और उत्तीर्ण हुए (P) विद्यार्थियों का आँकडे दिये गये है।

विभिन्न जोनों में विद्यार्थियों की वर्ष-वार संख्या

| **वर्ष** | **जोन** | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | K | | L | | M | | N | |
| | A | P | A | P | A | P | A | P |
| 2014 | 782 | 360 | 612 | 310 | 720 | 410 | 1020 | 802 |
| 2015 | 804 | 472 | 608 | 324 | 728 | 480 | 1135 | 840 |
| 2016 | 720 | 448 | 636 | 298 | 680 | 390 | 1084 | 864 |
| 2017 | 750 | 360 | 655 | 305 | 695 | 396 | 1096 | 766 |
| 2018 | 824 | 504 | 640 | 346 | 712 | 424 | 1180 | 752 |
| 2019 | 850 | 496 | 600 | 315 | 740 | 464 | 1165 | 780 |

प्रश्न-१ सभी छह वर्षों में मिलाकर जोन-K से परीक्षा में शामिल हुए विद्यार्थियों की कुल संख्या और उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों की कुल संख्या में कितना अंतर है?

A. 2060 B. 2070

C. 2080 D. 2090

प्रश्न-२ वर्ष 2015 में सभी चारों जोनों से परीक्षा में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों की औसत संख्या कितनी है?

A. 528 B. 529 C. 530 D. 531

प्रश्न-३ वर्ष 2019 में निम्नलिखित में से किस जोन में परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की तुलना में उत्तीर्ण होनेवाले विद्यार्थियों की प्रतिशतता न्यूनतम है?

A. - K B. – L C. – M D. - N

प्रश्न-४ वर्ष 2017 में जोन-K से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों का वर्ष 2018 के सापेक्ष अनुपात क्या हैं?

A. 7 : 5 B. 3 : 5 C. 5 : 7 D. 5 : 3

प्रश्न-५ कुल छह वर्षों में जोन-M से उत्तीर्ण विद्यार्थियों की कुल संख्या उसी अवधि के दौरान जोन-M से परीक्षा में शामिल हुए विद्यार्थियों की कुल संख्या का करीब कितना प्रतिशत है?

A. 56% B. 58% C. 60% D. 64%

प्रश्न-६ उन शिक्षण युक्तियों की पहचान कीजिए जो अधिगमकर्ता केंद्रित होती हैं :

(a) सहकारी अधिगम

(b) टीम शिक्षण

(c) प्रयोगशाला आधारित प्रोजेक्ट्स

(d) युग्मित (पेयर) सहभागी चर्चा

(e) पावर पॉईन्ट प्रस्तुतीकरण के साथ व्याख्यान

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

A. केवल (a), (b) और (c)

B. केवल (b), (c) और (d)

C. केवल (a), (c) और (d)

D. केवल (c), (d) और (e)

प्रश्न-७ विमर्शी स्तर शिक्षण स्मृति स्तर शिक्षण से अलग होता है क्योंकि इसमें शामिल सम्प्रेषण की पद्धति मूलतः_____ होती है।

A. एकरेखीय B. नीचे से ऊपर की ओर

C. अंतरक्रियात्मक D. क्रियान्वितिकारी

प्रश्न-८ निम्नलिखित में से उन विशेषताओं की पहचान कीजिए जो अप्रत्यक्ष शिक्षण रणनीतियों के साथ जुड़ी हैं :

(a) निर्देशित विद्यार्थी अभ्यास

(b) प्रश्नोत्तरी सत्रों के माध्यम से अवधारणा अर्जन पर बल

(c) उद्दीपक सामग्री को लघु एवं सरल पदों में प्रस्तुत करना

(d) समस्या आधारित प्रस्तुतीकरण

(e) सहभागितापूर्ण और सहयोगात्मक अभियानों पर बल दिया जाना

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर को चुनिए :

A. केवल (b), (d) और (e) B. केवल (a), (b) और (c)

C. केवल (b), (c) और (d) D. केवल (c), (d) और (e)

प्रश्न-९ प्रवर्तमान (चालू) शिक्षण अधिगम सत्रों के दौरान कौन-सी आकलन प्रक्रिया अपनायी जाती है?

A. संकलनात्मक B. निर्माणात्मक

C. मानक संदर्भित D. निकर्ष संदर्भित

प्रश्न-१० नीचे दो कथन दिए गए हैं।

कथन I : विश्वविद्यालयों में शिक्षण-अधिगम कार्यक्रमों का आयोजन करने में आई.सी.टी. (ICT) के प्रयोग में अधिगम परिणामों को इष्टतम बनाने की क्षमता है।

कथन II : निर्माणात्मक आकलन शिक्षण-अधिगम सत्रों की गुणवत्ता बढ़ाने में सहायता प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नांकित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें :

A. कथन I और II दोनों सही हैं।

B. कथन I और II दोनों सही नहीं हैं।

C. कथन I सही है, किन्तु कथन II सही नहीं है।

D. कथन I सही नहीं है, किन्तु कथन II सही है।

प्रश्न-११ प्रतिचयन प्रक्रिया को चिह्नित कीजिए जिसमें इकाइयों का चयन समान और स्वतंत्र अवसर प्रदान करते हुए किया जाता है :

(a) आनुपातिक प्रतिचयन प्रक्रिया

(b) स्तरित प्रतिचयन प्रक्रिया

(c) विभागात्मक प्रतिचयन प्रक्रिया

(d) यादृच्छिक प्रतिचयन प्रक्रिया

(e) व्यवस्थित प्रतिचयन प्रक्रिया

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

A. केवल (a), (b) और (c) B. केवल (b), (c) और (d)

C.केवल (c), (d) और (e) D.केवल (b), (d) और (e)

प्रश्न-१२ नीचे दो कथन दिए गए हैं :

कथन I : गुणात्मक शोध प्रतिमान प्रतिभागियों के दृष्टिकोण पर बल देता है और इन्द्रियानुभविक आगमनात्मक उपागम का प्रयोग करता है।

कथन II : एक ही शोध परियोजना में गुणात्मक और मात्रात्मक शोध प्रतिमान दोनों का प्रयोग न तो संभव है और न ही वांछनीय।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नांकित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें :

A. कथन I और II दोनों सही हैं।

B. कथन I और II दोनों सही नहीं हैं।

C. कथन I सही है, किन्तु कथन II सही नहीं है।

D. कथन I सही नहीं है, किन्तु कथन II सही है।

प्रश्न-१३ स्वतंत्र, परिमार्जक और आश्रित चरों के मध्य नियंत्रण द्वारा कारणात्मक संबंध स्थापित करने पर केंद्रित शोध पद्धति कहलाती है।

A. कार्योतर पद्धति B. सर्वेक्षण पद्धति

C. व्यष्टि अध्ययन पद्धति D. प्रयोगात्मक पद्धति

प्रश्न-१४ मात्रात्मक शोध प्रतिमान की अभिलाक्षणिक विशेषताएँ क्या है?

a) यह प्राक्कल्पना-निगमनात्मक है।

b) यह प्राकृतिक परिवेश पर केंद्रित है ।

c) यह जनसंख्या अभिलक्षण के सामान्यीकरण को बल प्रदान करता है ।

d) यह लोगों की बड़ी संख्या से प्राप्त संख्यात्मक आंकडे पर बल देता है ।

e) साहित्य समीक्षा रखना गौण भूमिका निभाता है, किंतु समस्या को न्यायसंगत बनाता है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

A. केवल (a), (c) और (d)

B. केवल (a), (b) और (c)

C. केवल (b), (c) और (d)

D. केवल (c), (d) और (e)

प्रश्न-१५ वैज्ञानिक पद्धति के प्रयोग में सामान्य क्रम क्या है?

(a) चरों की पहचान द्वारा संकल्पना बनाना

(b) अनुभूत आवश्यकता जो समस्या उत्पन्न कर रही है

(c) कठिनाई और समस्या प्रतिपादन को चिह्नित करना

(d) प्रदत्त विश्लेषण और भाष्य

(e) समुचित शोध उपकरणों के प्रयोग द्वारा प्रदत्त संग्रहण

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

A. (a), (c), (b), (d), (e)

B. (b), (c), (a), (e), (d)

C. (c), (d), (e). (b), (a)

D. (b), (a), (c), (e), (d)

प्रश्न-१६ सगुन और सृष्टि की आयु का गुणनफल 240 है। यदि सृष्टि की आयु को दोगुना कर दिया जाए तो वह सगुन की आयु से 4 वर्ष अधिक होता है। सृष्टि की आयु कितनी है?

A. 15 B. 12 C. 10 D. 20

प्रश्न-१७ निम्नलिखित क्रम को पूरा कीजिए :

9, 11, 15, 23, 39..........?

A. 71 B. 65 C. 44 D. 68

प्रश्न-१८ नीचे दो कथन दिए गए हैं :

कथन I : किसी त्रिभुज के कोणों का योग 180° होता है।

कथन II: किसी त्रिभुज की किसी दो भुजाओं की लम्बाई का योग तीसरी भुजा की लम्बाई से अधिक होता है।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नांकित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें :

A. कथन I और II दोनों सही हैं।

B. कथन I और II दोनों गलत हैं।

C. कथन I सत्य है, किन्तु कथन II गलत है।

D. कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सही है।

प्रश्न-१९ संख्याओं के निम्नलिखित तीन समुच्चयों पर विचार कीजिए :

(a) 2,5,9 (b) 1,6,10 (c) 3,4,8

तीनों समुच्चयों (a), (b) और (c) के औसतों का सही आरोही क्रम कौन-सा है?

A. (c) < (a) < (b) B. (b) < (c) < (a)

C. (b) < (a) < (c) D. (c) < (b) < (a)

प्रश्न-२० यदि A का 30% = B का 0.25 = C का 1/5, तो A : B : C के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

A. 10 : 11 : 12 B. 10 : 15 : 12

C 10 : 12 : 15 D. 10 : 11 : 15

प्रश्न-२१ A, B, C, D, E और F एक वृत्त में खड़े हैं और केन्द्र की ओर देख रहे हैं। A और B के बीच केवल D है। A और C के बीच केवल F है। E, B के ठीक बायें है। निम्नलिखित में से कौन-सा E और F के बीच खड़ा है?

A. A B. B C. D D. C

प्रश्न-२२ धुए वाली सभी वस्तुओं में आग होती है;
पहाड़ी में धुआं होता है।
इसलिए, इस पहाड़ी में धुआं है;
और बिना आग वाली किसी भी वस्तु में धुआं नहीं होता है;
इस पहाड़ी में छुआ है; इसलिए, यह पहाड़ी बिना आग वाली नहीं है।
उपरोक्त भारतीय तर्क मीमांसा में किस प्रकार की अनुमिति का उदाहरण है

A. पूर्ववत् B . अन्वयव्यतिरेकी C. केवल अन्वयी D. केवलव्यतिरेकी

प्रश्न-२३ असिद्ध एक हेत्वाभास है जब मध्य पद हो :

A. अप्रमाणित B. अति व्यापक C. अति संकीर्ण D. अव्यावर्ती

प्रश्न-२४ सूची-I में दिए गए युग्मों को सूची-II में दिए गए सादृश्य युग्मों के साथ सुमेलित कीजिए

| **सूची**-I | **सूची**-II |
|---|---|
| (a) असाइन : अलॉट | I. कोड : पासवर्ड |
| (b) लम्बाई : मीटर | II. क्लर्क : कार्यालय |
| (c) डॉक्टर : अस्पताल | III. सुधार : मरम्मत |
| (d) ताला : चाभी | IV द्रव्यमान : किलोग्राम |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए-

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| A. | III | IV | II | I |
| B. | IV | II | III | I |
| C. | II | IV | I | III |
| D. | IV | III | II | I |

प्रश्न-२५ एक व्यक्ति दक्षिण-पश्चिम की ओर मुँह करके खड़ा है। वह घड़ी की उल्टी दिशा में 90° पर मुड़ता है और फिर घड़ी की दिशा में 135° मुड़ता है। अब वह किस ओर मुँह करके खड़ा है?

A. पश्चिम B. उत्तर-पश्चिम

C. उत्तर-पूर्व D. पूर्व

निर्देश (प्र.सं. 26 से 30 तक): गद्यांश को सावधानीपूर्वक पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर दें :

स्किनर प्रणाली में प्रबलन को 'स्वचालित' परिभाषित किया गया है। इस संबंध में संभवत: प्रबलक के स्वचालित प्रभाव के विश्वसनीय प्रदर्शन को स्किनर (1948) द्वारा अंधविश्वासी व्यवहार की संज्ञा दी गई है। इस परिस्थिति में कोई ऐसी घटना जो प्रबलक का स्वरूप रखती है, प्रयोज्य को सविराम प्रस्तुत की जाती है, इस बात पर ध्यान दिए बगैर कि वह क्या कर रहा है। किन्तु वह कुछ भी कर रहा हो (तथा उसे वंचन द्वारा संभाव्य बनाया जा सकता है) तो प्रबलन प्रदान करने के ठीक पहले जो व्यवहार हो रहा है वह दृढ़ हो जाएगा जिसे उत्सर्जन दर में अभिवृद्धि के माध्यम से देखा जा सकता है। प्रयोज्य ऐसा करने लग जाता है कि वह अनुक्रिया जो संयोगवश प्रबलित हुई है वही किसी तरह प्रबलन उत्पन्न कर रही है। यह उस परिस्थिति में भी घटित होता है जब प्रबलक को यांत्रिक युक्ति द्वारा उपलब्ध कराया जाता है जो प्रयोज्य के व्यवहार से किसी भी प्रकार से अनुक्रियात्मक रूप संबद्ध नहीं है।

प्रबलन के स्वतः प्रवृत्त परिणाम स्किनर ने अपनी व्यवहार रचना की प्रभावी प्रविधियों के माध्यम से प्रदर्शित किया है। ये पद्धतियाँ शायद ही जिस दृष्टिकोण से निःसृत हुई हों जिससे समस्त व्यवहार को उद्दीप्त कोटि में रखा जाता था। किंतु जीव को अपने व्यवहार कोश में विविध अनुक्रियाओं के उत्सर्जन से जुड़े होने के कारण, व्यवहार रचना की संकल्पना एक सरल सोपान रही है। यदि प्रयोगकर्ता केवल प्रबलकों की द्रुत प्रस्तुति को ही नियंत्रित रखता तो वह जीव के किसी भी व्यवहार को प्रबलित कर सकने का सामर्थ्य रखता। उस दशा में प्रयोज्य के व्यवहार प्रदर्शनों की सूची में जो अनुक्रियाएँ नहीं भी विद्यमान हों तो उन्हें वस्तुगत परिस्थितियों में समुचित बदलाव लाकर तथा पौर्वापर्य सन्निकरण की विधि द्वारा संभाव्य बनाया जा सकता है।

प्रश्न-२६ स्किनर के अनुसार, व्यक्तियों का अंधविश्वासी व्यवहार किसका परिणाम है?

A. घटना का नियत उद्भासन B. नियमितता रहित घटना का उद्भासन

C. घटना का यदा-कदा उद्भासन D. घटना का प्राकृतिक उद्भासन

प्रश्न-२७ प्रबलक की प्रदायगी किसके कारण सुदृढ़ होती है?

A. घटना में प्रयोज्यों के सम्मिलन से

B. प्रबलन दर में वृद्धि करके

C. वंचन (डेप्रिवेशन) जैसे कारकों से

D. यांत्रिक मशीनों के प्रयोग से

प्रश्न-२८ यांत्रिक मशीन का उदाहरण प्रयोज्य के इस व्यवहार के प्रबलन को प्रदर्शित करता है :

A. प्रबलन का स्वचालित प्रभाव

B. प्रबलन का भ्रम

C. प्रयोज्य के व्यवहार में असंगति

D. यह विश्वास कि प्रत्येक प्रतिक्रिया प्रबलन का कृत्य है

प्रश्न-२९ प्रयोज्य के व्यवहार के बनने की प्रक्रिया इनसे संबंधित है :

(a) उसकी सुग्राहिता

(b) प्रबलन की उसकी इच्छा

(c) उसके व्यवहारकोष में पहले से ही विद्यमान अनुक्रियाएँ

(d) उपगमन तकनीकों द्वारा प्रबलित अनुक्रियाएँ

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

A. केवल (a) और (b)

B. केवल (b) और (c)

C. केवल (c) और (d)

D. केवल (a) और (d)

प्रश्न-३० प्रयोज्य की उत्सर्जन सूची में जो अनुक्रियाएं नहीं हैं उन्हें इससे प्रेक्षित किया जा सकता है :

A. अवपीड़क उपायों द्वारा

B. उपयुक्त पर्यावरणीय परिस्थितियाँ बनाकर

C. उसके प्राकृतिक उत्सर्जन व्यवहार में बाधा पहुँचाकर

D. प्रबलन के लिए यांत्रिक मशीनों के प्रयोग द्वारा

प्रश्न-३१ भारत सरकार के 'डिजिटल इंडिया' पहल के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है/हैं?

(a) भारतीय राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय (एन. डी. एल. इंडिया) अकादमिक संस्थानों में संग्रहित विधिवत डिजिटीकृत समस्त अकादमिक पुस्तकारों का

एक 24 × 7 ऑनलाइन भंडार कोष है।

(b) राष्ट्रीय अकादमिक निक्षेपागार (एन.डी.ए.) एक पूर्ण रूप से डिजिटल पुस्तकालय है जिसमें नागरिकों के लिए प्रासंगिक विभिन्न प्रकार की डिजिटल विषय-वस्तु से संबंधित सूचना (मेटा डाटा) का भंडारण होता है।

सही विकल्प चुनिए :

A. केवल (a)

B. केवल (b)

C (a) और (b) दोनों

D. न तो (a) और न ही (b)

प्रश्न-३२ किसी समूह में निम्नलिखित में से किसके कारण समूह के सदस्यों की सृजन-क्षमता अवरुद्ध होती है?

(a) किसी भी कीमत पर आम सहमति बनाए रखने का प्रतिमान

(b) हास्य का पात्र बनने के भय से मुक्त चिंतन

(c) एक-दूसरे के विचार के प्रति आदर

(d) किसी व्यक्ति का विचार असत्य होने की दशा में आलोचना

सही विकल्प चुनिए :

A. केवल (a) और (c)

B. केवल (b) और (d)

C. केवल (c) और (b)

D. केवल (d) और (a)

प्रश्न-३३ विद्यार्थियों का अकादमिक निष्पादन किससे निर्धारित होता है?

(a) प्रज्ञा

(b) अभिप्रेरण

(c) शारीरिक गठन

(d) लिंग

A. केवल (a) और (b) B. केवल (a) और (d)

C. केवल (b) और (c) D. केवल (c) और (d)

प्रश्न-३४ नृजातीय शोध में शोधकर्ता द्वारा निम्नलिखित में से कौन से कार्यकलाप किए जाते हैं?

(a) शोधकर्ता समुदाय के सदस्यों के साथ संरचनाबद्ध साक्षात्कार करता है।

(b) शोधकर्ता काफी लंबी समयावधि तक सामाजिक व्यवस्था को अंगीकार कर लेता है।

(c) शोधकर्ता वार्तालाप का श्रवण करता है और वार्तालाप करता है।

(d) शोधकर्ता लोगों को कुछ कुप्रथाओं के बारे में जानकारी देता है।

सही विकल्प चुनिए :

A. केवल (a) और (b) B. केवल (a) और (c)

C. केवल (b) और (d) D. केवल (b) और (c)

प्रश्न-३५ यदि TEACHER शब्द को TCJACCV में कूटबद्ध किया जाता है और SURGEON को किसी भाषा के में PMGETSU कहा जाता है तो निम्नलिखित में से कौन उस भाषा के CONCORD का प्रतिनिधित्व करेगा?

A. FTQEPQE B. EQPEQTF

C. FPQAPME D. EMPAQPF

प्रश्न-३६ निम्नलिखित में से क्या निगमनात्मक अनुमान का भाग नहीं है?

A. परिवर्तन B. प्रतिवर्तन C. न्यायवाक्य D. प्रतिपरिवर्तन

प्रश्न-३७ किसी धनराशि पर 10 प्रतिशत वार्षिक चक्रवृद्धि व्याज की दर से तीन वर्ष का व्याज ₹993.00 है। उसी धनराशि के लिए 8 प्रतिशत वार्षिक साधारण व्याज की दर से 4 वर्ष का व्याज क्या होगा?

A. ₹900 B. ₹930 C. ₹960 D. ₹990

प्रश्न-३८ गणितीय अवधारणाओं के अधिगम में निम्नलिखित में से किस कारक का योगदान नहीं होता है?

A. जीवन की वास्तविक घटनाएँ

B. पाठ्यक्रम के निर्धारण के पूर्व अधिगम कर्ताओं में विद्यमान गणितीय ज्ञान का मूल्यांकन

C. गणित और इतिहास एक साथ पढ़ाना

D.अवधारणा के प्रतिपादक गणितज्ञ के जीवन अनुभवों का वर्णन

प्रश्न-३९ निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या/ इस क्रम में अगली संख्या होगी?

2, 6, 30, 60, 130, 210.............?

A. 330 B. 350 C. 370 D. 378

प्रश्न-४० निम्नलिखित शिक्षा आयोगों के समूहों में से कौन-सा समूह इनके गठन के कालक्रम के अनुसार है?

A. कोठारी आयोग, मुदालियर आयोग, राधाकृष्णन आयोग

B. राधाकृष्णन आयोग, मुदालियर आयोग, कोठारी आयोग

C. मुदालियर आयोग, कोठारी आयोग, राधाकृष्णन आयोग

D. राधाकृष्णन आयोग, कोठारी आयोग, मुदालियर आयोग

प्रश्न-४१ आधारिक सिद्धांत में शोधकर्ता सैद्धांतिक संतृप्ति होने तक सैद्धांतिक प्रतिचयन के प्रयोग द्वारा डाटा संग्रहण करते हैं। इस प्रक्रिया को निम्नलिखित क्रम में दर्शाया जा सकता है:

A. सैद्धांतिक प्रतिदर्श → डाटा संग्रह → डाटा विश्लेषण → सैद्धांतिक संतृप्ति

B. सामान्य शोध प्रश्न → डाटा संग्रह → सैद्धांतिक प्रतिदर्श → डाटा विश्लेषण → सैद्धांतिक संतृप्ति

C. सैद्धांतिक प्रतिदर्श → सामान्य शोध प्रश्न → डाटा संग्रह → सैद्धांतिक संतृप्ति

D. सामान्य शोध प्रश्न → सैद्धांतिक प्रतिदर्श → डाटा संग्रह → डाटा विश्लेषण → सैद्धांतिक संतृप्ति

प्रश्न-४२ शोध में नैतिक सिद्धांत के उल्लंघन के लिए उत्तरदायी दो तत्व कौन-से हैं?

(a) प्रतिभागियों को क्षति

(b) संसूचित सहमति का अभाव

(c) प्रयोग पूरा होने के उपरांत प्रतिभागियों का स्वागत नहीं करना

(d) दूरूह प्रश्न पूछना

सही विकल्प चुनिए :

A. केवल (a) और (c) B. केवल (b) और (c)

C. केवल (a) और (d) D. केवल (a) और (b)

प्रश्न-४३ एक महाविद्यालय का शिक्षक अभिप्रेरक प्रतिभाग की गति को बढ़ावा देने के लिए प्रश्न-पहेली सत्र को अपनाता है। यह मूल्यांकन के किस प्रकार के रूप में लिया जाएगा?

A. संकलनात्मक मूल्यांकन

B. निकष-आधारित मूल्यांकन

C. निर्माणात्मक मूल्यांकन

D. निदानात्मक मूल्यांकन

प्रश्न-४४ कॉलम-I को कॉलम-II के साथ सुमेलित कीजिए

| **कॉलम**-I | **कॉलम**-II |
|---|---|
| (a) वाचन वैकल्य | (i) गणित के कार्य में कठिनाई |
| (b) लेखन वैकल्य | (ii) पठन में कठिनाई |
| (c) परिकलन वैकल्य | (iii) लेखन में कठिनाई |
| (d) ए.डी.एच.डी. | (iv) ध्यान केन्द्रित करने में कठिनाई |

सही विकल्प का चयन करें :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| A. | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| B. | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| C. | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| D. | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |

प्रश्न-४५ स्वतंत्रता पूर्व काल में निम्नलिखित में से किसने विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग गठित करने हेतु सबसे पहले पहल की थी?

A. लॉर्ड कर्जन B. लॉर्ड रिपन C. लॉर्ड वेलेजली D. लॉर्ड विलियम बेन्टिक

प्रश्न-४६ निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धांत प्रत्यक्षवाद से संबंधित नहीं है?

A. परिघटनात्मकता B. निगमनात्मकता

C. आगमनात्मकता D. व्याख्यात्मकता

प्रश्न-४७ निम्नलिखित में से कौन पारंपरिक मूल्यांकन का एक विकल्प नहीं है?

A. बहुविकल्पीय प्रश्न B. कार्यनिष्पादन परीक्षण

C. पोर्टफोलियो D. प्रदर्शनियाँ

प्रश्न-४८ निम्नलिखित में से क्या भारतीय तर्कशास्त्र की शास्त्रीय विचारधारा के अनुसार अनुमान (निष्कर्ष) की प्रक्रिया में 'हेतु' पद को व्यक्त करता है?

A. प्रस्तुत उदाहरण

B. कारण का कथन

C. सिद्ध करने हेतु प्रस्थापना

D. सिद्ध निष्कर्ष

प्रश्न-४९ एक व्यक्ति की तरफ इशारा करते हुए एक महिला ने कहा- "इनकी पत्नी के पिता मेरी माँ के बहन की इकलौती पुत्री के पति हैं।" महिला का व्यक्ति से क्या सम्बन्ध है?

A. पुत्री

B. ननद / भाभी / साली

C. बहन

D. सास

प्रश्न-५० प्रत्यक्ष रूप से असंगत दो प्रत्यक्षीकृत तथ्यों के समायोजन हेतु अप्रत्यक्षीकृत तथ्यों की अन्तर्निहित मान्यता को भारतीय तर्कशास्त्र में क्या संज्ञा दी जाती है?

A. अनुमान

B. उपमान

C. अर्थापत्ति

D. अनुपलब्ध